संख्या-82 /1555/47-का-3-2014-24/12/2001

प्रेषक,

संजय कुमार सिंह यादव
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 13 अगस्त, 2014**

विषय - उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी हेतु सृजित संकाय सदस्यों के पदों को प्रतिनियुक्ति से भरे जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-I-387D/240, दिनांक 06.06.2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के संबंध में आपसे यह कहने का मुझे निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी स्वायत्तशासी सोसाइटी के रूप में गठित है। अतः अकादमी में सरकारी विभागों से की जानी वाली तैनाती प्रतिनियुक्ति की श्रेणी में मानी जाएगी। अकादमी में रिक्त 05 संकाय सदस्यों के पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के प्रस्ताव पर शासन को आपत्ति प्रतीत नही होती है। अकादमी द्वारा उक्त पदों हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं/ अनुभव धारित करने वाले सरकारी विभागों में कार्यरत कार्मिकों से प्रतिनियुक्ति के अधार पर संकाय सदस्यों के 05 रिक्त पदों को भरा जा सकता है। इस हेतु अकादमी द्वारा उपलब्धता से संबंधित विभागों से इच्छुक/ पात्र अधिकारियों के नाम मांगे जा सकते हैं। कृपया तदनुसार कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रियानुसार उक्त पदों को प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(संजय कुमार सिंह यादव)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in